दैनिक
विश्वमित्र
सिर्फ़ पन्ने नहीं ढेर समाचार

एक कार्यक्रम में प्रसन्न
ल्जियम के प्रिंस फिलिप।

• हिन्दी का प्राचीनतम राष्ट्रीय दैनिक • • दो भागों में कुल पृष्ठ बारह

७ मार्च २०१० KOLKATA, 27 MARCH 2010 ■ चैत्र शुक्ल १२ सम्वत् २०६७ ■ डाक २८ मार्च २०१० ■

३० को हड़ताल करेंगे कारूगेटेड बॉक्स निर्माता

कोलकाता, २६ मार्च (नि.प्र.)। इस्टर्न इंडिया कारूगेटेड बॉक्स मनुफैक्चरर्स एसोसिएशन ने अपनी मांगों के समर्थन में ३० मार्च को सांकेतिक हड़ताल का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमत सरावगी तथा सचिव भरत केडिया ने आज संवाददाताओं को बताया कि कच्चे माल की कीमतें, कस्टम ड्यूटी, वैज्ञानिक रद्दी प्रबंधन सिस्टम आदि मुद्दों पर हड़ताल की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस उद्योग से बड़ी संख्या में लोग जुड़े हुए हैं। अतः सरकार हमारी समस्याओं का निराकरण करे ताकि इस उद्योग को बचाया जा सके।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो भविष्य में तेज आंदोलन किया जाएगा। एफसीबीएम के अध्यक्ष आरजी अग्रवाल, एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ए.बी. अजमेरा तथा अन्य पदाधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित थे।